Need to revise the guidelines for installation of BSNL mobile towers to facilitate their installation in areas restricted under the existing guidelines-laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू): भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में मोबाइल नेटवर्क सिस्टम को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा हैं । आज देश में 5G की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने हेतु बेहतरीन कार्य किया गया हैं । माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में मात्र 10 महीनों में ही 3 लाख से अधिक स्थानों पर भारत में 5G सुविधा शुरू कर दी गई हैं । भारत सरकार द्वारा सरकारी टेलिकॉम कंपनियो को भी सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की गई है, जिसके तहत बीएसएनएल के माध्यम से देश भर के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क पहुँचाने का कार्य किया जा रहा हैं । लेकिन बीएसएनएल के द्वारा अपनाये जा रहे मापदंड के अनुसार जिस गाँव या शहरी क्षेत्र में 5 किमी के तहत किसी भी कंपनी का मोबाइल टावर स्थित है, वहां बीएसएनएल का टावर नहीं लगाया जाता है । इस कारण क्षेत्र के अधिकांश लोग मोबाइल सुविधा से वंचित रह रहे हैं । अतः मेरा माननीय संचार मंत्री जी से अनुरोध हैं कि बीएसएनएल के मोबाइल टावर लगाये जाने हेतु दिशानिर्देश में परिवर्तन कर सभी जगहों पर मोबाइल टावर उपलब्ध करवाए जावे ताकि सभी को बीएसएनएल के माध्यम से मोबाइल सुविधा उपलब्ध हो सकें ।